


वार्षिक शहीद स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के 11वें संस्करण का उद्घाटन के मौके पर ग्रुप फोटो करवाते खिलाड़ी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

देहरादून, 3 जनवरी (ब्यूरो) : यूपीईएस विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शहीद स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। यह टूर्नामेंट 4 पैरा स्पेशल फोर्स के शहीद अमित कुमार अंथवाल की याद में आयोजित किया जा रहा है। अमित कुमार अंथवाल ने 2020 में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में एक अभियान के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

विश्वविद्यालय अपने प्रोजेक्ट नमन के तहत शहीद के परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय परिवार के एक सदस्य को नौकरी का अवसर भी देगा। बिधोली क्रिकेट ग्राउंड में इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही है और इस टूर्नामेंट का फाइनल 9 जनवरी को होगा।